हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

कर्मचारियों पर जबरन सहमति का दबाव बना रहे अफसर 12



कैमल आर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर 12



## खबर संक्षेप

### गारमेंट शॉप के गल्ले से 13 हजार रुपये चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी के मटका चौक के पास स्थित मित्तल गारमेंट की दुकान के गल्ले से 13 हजार आठ सौ रुपये चोरी हो गए। पुलिस ने दुकान संचालक की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की श्याम सुंदर पुरी कॉलोनी निवासी प्रियांशु मित्तल ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मटका चौक के पास मित्तल गारमेंट के नाम से कपड़ों व जूतों की दुकान है। 21 फरवरी को दोपहर एक बजे वह किसी काम से दुकान बंद करके बाहर गया था।

### दस हजार के काजू और बादाम लेकर युवक फरार

**अंबाला।** अंबाला शहर के दाल बाजार में अशोका जनरल स्टोर से दो युवक 10 हजार रुपये के काजू, बादाम गिरी व अन्य सामान लेकर भाग गए। दुकानदार नवीन गोयल का आरोप है कि युवकों ने भरोसा दिलाया था कि वह पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर कर रहे हैं लेकिन बिना भुगतान किए ही चकमा देकर निकल गए। उनके जाने के बाद ठगी का पता चला। इस वारदात के समय एक युवक तीन दुकानें छोड़कर आगे बाइक पर खड़ा था। दूसरे ने आकर सामान पैक करवाया था। अंबाला शहर थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि दुकानदार नवीन गोयल की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### टायर फैक्ट्री आग मामले में एक की मौत और तीन गंभीर

**करनाल।** मधुबन थाना क्षेत्र के कैरवाली गांव में टायर पिघलाकर फर्नेस ऑयल बनाने वाली 'बजरंग इंडस्ट्रीज' फैक्ट्री में एक जोरदार धमाका हुआ, जिसमें चार मजदूर बुरी तरह झुलस गए. इस हादसे में उत्तर प्रदेश निवासी रामावध की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायलों का उपचार रोहतक में चल रहा है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हादसा 21 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे हुआ. रिएक्टर मशीन में करीब 8 टन टायर डालकर उन्हें 370 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जा रहा था।

## मचान से गिरकर राजमिस्त्री की मौत दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**करनाल।** करनाल के नरुखेड़ी गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां दूसरी मंजिल पर काम कर रहे एक राजमिस्त्री की नीचे गिरने से मौत हो गई. मृतक की पहचान 42 वर्षीय राकेश कुमार के रूप में हुई है, जो जोंधला के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार, सोमवार को राकेश नरुखेड़ी गांव में एक मकान की दूसरी मंजिल पर पैड (मचान) बांधने का काम कर रहे थे. इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने के कारण वे सीधे कंक्रीट की जमीन पर आ गिरे. हादसे के तुरंत बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन रात को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. मृतक के चचेरे भाई तेजबीर ने बताया कि राकेश ही परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे. उनके पीछे उनकी पत्नी और दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की) हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# होलिका पर भद्रा व चन्द्रग्रहण का साया, 4 को खेलें रंगों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

होलिका दहन और रंगों की होली पर अबकी बार खग्रास चंद्रग्रहण होने के कारण तिथि और समय को लेकर लोगो में असमंजस की स्थिति बन रही है जिसको लेकर गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ रामराज कौशिक से बातचीत की। उन्होंने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार 2 मार्च सोमवार को चतुर्दशी तिथि शाम 5:18 बजे तक रहेगी, उसके तुरंत बाद पूर्णिमा तिथि शुरू हो जाएगी। शास्त्रों का नियम है कि होलिका दहन हमेशा पूर्णिमा तिथि में ही किया जाता है, लेकिन इस बार पूर्णिमा के साथ ही भद्रा का आगमन भी हो रहा है.जिसमें भद्रा का लंबा साया 2 मार्च की शाम 5:18 बजे से लेकर पूरी रात और अगले दिन 3 मार्च की भोर (सुबह 4:56 बजे) तक भद्रा का वास रहेगा। शास्त्रों में भद्रा काल में होलिका दहन वर्जित माना गया है, क्योंकि इससे राज्य और व्यक्ति पर अशुभ प्रभाव पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में जब पूरी रात भद्रा हो, तो शास्त्रों में भद्रा पुच्छ (भद्रा का पूंछ वाला भाग) में कार्य करने का विधान है।



इस साल दहन का सबसे शुभ समय और शुभ मुहूर्तः रात 12:50 बजे से रात 02:02 बजे तक अवधिः 1 घंटा 12 मिनट इसी समय में दहन करना शास्त्रीय दृष्टि से सबसे उत्तम और शुभ माना जाता है यदि पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण हो तो उससे पूर्व रात्रि में भद्रारहित समय में होलिका दहन करना चाहिए। ज्योतिषाचार्य के अनुसार निर्णयसिन्धु में कहा है कि पूर्णिमा को ग्रहण हो तो उससे पूर्वरात्रि में जिस समय भद्रा न हो उसमें होलिका का दहन करें।

### होली पर चंद्र ग्रहण का साया

3 मार्च मंगलवार को पूर्णिमा तिथि के दिन ही साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत के कई हिस्सों में दिखाई देगा, इसलिए इसका धार्मिक प्रभाव (सूतक) भी पूरे देश में मान्य होगा भारतीय समय के अनुसार, यह ग्रहण दोपहर लगभग 03:20 बजे से शाम 06:47 बजे तक रहेगा। इस ग्रहण के दौरान ब्लड मून का नजारा भी देखने को मिल सकता है।

**सूतक काल और नियम-** चंद्र ग्रहण का सूतक ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले लग जाता है। इसका मतलब यह है कि 3 मार्च को सुबह 06:20 बजे से ही सूतक लग जाएगा। सूतक लगते ही मंदिरों के कपाट बंद हो जाएंगे। इस दौरान पूजा-पाठ, मूर्ति स्पर्श और खाना-पीना वर्जित होता है। सूतक और ग्रहण के साये में ह्यहोली का दहन या रंग-गुलाल खेलना अशुभ माना जाता है, इसलिए 3 मार्च को रंग वाली होली नहीं मनाई जाएगी।

### 4 मार्च को रंगों की होली

3 मार्च की शाम को ग्रहण खत्म होने के बाद शुद्धिकरण और स्नान किया जाएगा। इसके अगले दिन, यानी 4 मार्च 2026 बुधवार को सूर्योदय के समय चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि रहेगी। शास्त्रीय मयार्दा के अनुसार, ग्रहण और सूतक से मुक्त होने के बाद इसी दिन पूरे देश में धूम-धाम से धुलेंडी और रंगों का त्योहार मनाया जाएगा।

### होली 2026 पूरा कैलेंडर

- 2 मार्च (सोमवार): होलिका दहन -रात 12:50 बजे से 02:02 बजे तक
- 3 मार्च (मंगलवार): चंद्र ग्रहण - दोपहर 03:20 बजे से शाम 06:47 बजे तक
- 3 मार्च (मंगलवार): सूतक काल -सुबह 06:20 बजे से शुरू
- 4 मार्च (बुधवार): रंग वाली होली -सुबह से (धुलेंडी का असली दिन)

## अमेरिका के साथ किसान विरोधी व्यापार समझौता रद्द करने की मांग

# किसान संगठनों का धरना जारी, धरना स्थल पर ही किसानों ने गुजारी रात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले विभिन्न किसान संगठनों का जिंदल चौक के समीप धरना दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। प्रदेश के 10 अलग-अलग किसान संगठनों ने हरियाणा किसान-मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मुख्यमंत्री आवास से कुछ पहले जिंदल चौक से सेक्टर दो की ओर जाने वाली सड़क को अपने आंदोलन का केंद्र बना लिया है। यहां सैकड़ों की संख्या में किसान अपनी मांगों के लिए तीन दिन के लिए पड़ाव पर हैं। पड़ाव का बुधवार को समापन होगा। हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने फसल का मुआवजा तुरंत दिए जाने और अमेरिका के साथ किसान विरोधी व्यापार समझौता रद्द करने सहित अन्य मांगों को लेकर 23 से 25 फरवरी तक सीएम आवास के घेराव का ऐलान किया था। किसानों ने सोमवार को दिन में नारेबाजी की और जब रात हुई तो इसी सड़क को ही अपना घर बना लिया। खुले आसमान के नीचे, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व अन्य वाहनों में ही किसानों ने रात गुजारी।





**कुरुक्षेत्र।** सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते किसान तथा रात को धरने पर बैठे किसान।

### किसानों ने भजन-कीर्तन और लोकगीत गाए

सड़कों पर ही खाना पकाया और रातभर किसानों ने भजन-कीर्तन और लोकगीत गाए। किसानों का नेतृत्व भाकियू शहीद भगत सिंह के अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी, जगदीप सिंह ओलख, प्रिंस वड़ैच, बहादुर मेहला, संजू नंबरदार, संजीव आलमपुर, मंदीप नथवान, लखविंद्र ओलख, उम्मेद लोहान, अशोक बल्हारा, जगबीर कसौला ने किया। किसानों के लिए रातभर भोजन व चाय की व्यवस्था की गई। किसान नेता लखविंदर सिंह औलख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ घोषित मुक्त व्यापार समझौते की आलोचना करते हुए इसे किसानों के लिए /"मौत का फरमान/" बताया और इसे रद्द करने की मांग की। संगठन ने कर्ज में डूबे किसानों और कृषि श्रमिकों के ऋणों को पूरी तरह माफ करने की भी मांग की, उनका कहना था कि कम फसल कीमतों और सरकार की दोषपूर्ण नीतियों के कारण कई लोग कर्ज में डूब गए हैं। अन्य मांगों के साथ-साथ, समूह ने फसल की कीमतों को निर्धारित करने के लिए स्वामीनाथन आयोग के सी2+50 प्रतिशत फामूर्ले को लागू करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की कानूनी गारंटी की मांग की। इसने प्रस्तावित बिजली कानून और बीज विधेयक को वापस लेने की भी मांग की। संगठन ने राज्य सरकार से पूर्व घोषित एमएसपी पर 23 फसलों की खरीद सुनिश्चित करने और धान की खरीद में अनियमितताओं में कथित रूप से शामिल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### हरियाणा के राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम 26 मार्च को सौंपा जाएगा मांग पत्र

किसानों ने शाम को कैंडल मार्च निकालकर अपना रोष जाहिर किया। किसान नेता अमरजीत सिंह ने कहा कि किसान संगठन मुख्यमंत्री से मिलने आए थे लेकिन शायद मुख्यमंत्री मिलना नही चाहते है। प्रशासन ने मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने से पहले ही बैरिकेडिंग कर दी। एक तरफ तो मुख्यमंत्री कहते है कि उनके दरवाजे हर समय खुले है लेकिन दूसरी ओर मुख्यमंत्री से मिलने आए किसानों को रोका जा रहा है। उनकी मांग है कि ट्रेड डील को रद्द किया जाए, कर्जा मुक्ति, बुढ़ापा पेंशन जो काटी गई है उसे दोबारा जोड़ा जाए। इन सभी मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री उनके बातचीत करे। अमरजीत सिंह का कहना है कि 26 मार्च को चंडीगढ़ में किसान भवन में सेमिनार होगा और सेमिनार के बाद राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा।

## खुले में मीट काट कर गंदगी फैलाने वाले आठ दुकानदारों के काटे चालान



**यमुनानगर।** रादौर रोड पर जोडियो गुरुद्वारा के पास खुले में मीट काट गंदगी फैलाने वालों के चालान काटते हुए निगम की टीम।

- नगर निगम की टीम ने रादौर रोड पर जोडियों गुरुद्वारा साहिब के पास की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम की टीम ने रादौर रोड पर जोड़यो गुरुद्वारा साहिब के पास खुले में मीट काटकर गंदगी फैला रहे आठ दुकानदारों के चालान किए हैं। इसके साथ ही दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया है। उपायुक्त कम नगर निगम आयुक्त प्रीति व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार के निर्देशों पर यह कार्रवाई की गई।

सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा ने बताया कि रादौर रोड पर जोड़यो गुरुद्वारा के समीप लंबे समय से सड़क किनारे खुले में मीट बेचे जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर निगम आयुक्त के निर्देशों पर उनके नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। उन्होंने होमगार्ड के जवानों के साथ मिलकर मौके पर कार्रवाई की। उनकी टीम ने मौके पर जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन कर रहे आठ मीट विक्रेताओं के चालान काटे तथा अवैध रूप से रखे गए मीट और अन्य सामान को जब्त किया।

### अतिक्रमण से यातायात हो रहा प्रभावित

कार्रवाई के दौरान यह भी पाया गया कि अधिकतर विक्रेताओं ने सड़क किनारे अस्थायी खोखे और ठेलों के माध्यम से अतिक्रमण कर रखा था। सड़क किनारे व धार्मिक स्थल के पास ऐसा किया जा रहा था। इससे यातायात भी बाधित हो रहा था और आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान उनकी टीम ने मौके पर ही अतिक्रमण हटवाया और सभी मीट विक्रेताओं के खोखों को सड़क से काफी पीछे हटवाकर निर्धारित सीमा में कराया। उन्होंने विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी सूरत में सड़क पर अतिक्रमण कर व्यवसाय न किया जाए तथा खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता के नियमों का पूरी तरह पालन किया जाए। उन्होंने बताया कि मीट के लिए सरेआम जानवरों को काटना जुर्म है। इसके लिए मापदंड तय हैं लेकिन कोई भी दुकानदार इन मानदंडों का पालन नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि जानवरों को काटने के बाद दुकानदार उनका खून व कई अंग खुले में फेंक देते हैं। इससे न केवल गंदगी फैलती है बल्कि कई भयानक बीमारियों को भी विस्तार मिलता है।

## कॉलोनियों के अवैध निर्माण को ढहाया

- कालोनी वैद होने का झांसा देकर लोगों को बेच रहे प्लाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया साहा में अवैध रूप से विकसित की जा रही 2 अवैध कालोनियों में तोड़-फोड़ की। कार्रवाई के दौरान गांव वजीदपुर सब में लगभग 2.25 एकड़ तथा गांव महमूदपुर व गांव मलिकपुर में लगभग 10.825 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों में बनी हुई सडक़ों के जाल तथा नीवों को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार - रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता गुरजिंद्र, क्षेत्रान्वेषक रविंद्र व पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि भूमालिक एवं प्रॉपर्टी डीलर अवैध कॉलोनियों के रेगूलर होने का झांसा देकर लोगों को प्लाट बेच रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों को सूचित किया कि इस प्रकार की किसी भी कॉलोनी में कोई प्लाट न खरीदें। इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट की खरीद फरोख्त पूरी तरह से गैरकानूनी है। उन्होंने लोगों से यहां किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया। कहा कि अगर किसी ने चेतावनी के बावजूद इन कॉलोनियों में निर्माण किया तो उसे ध्वस्त कर दिया जाएगा।



**अंबाला।** अवैध कॉलोनियों में हुए निर्माण को ढहाती जेसीबी।

## छात्रों ने शिक्षक का इंस्टाग्राम पर बनाया फर्जी अकाउंट, फिर एआई से बना दिए मीम

- सोशल मीडिया पर इज्जत नीलाम होने पर शिक्षक ने पुलिस को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने एक शिक्षक को चक्कर में फंसा दिया है। इज्जत बचाने के लिए परेशान होकर शिक्षक को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। दरअसल कुछ समय पहले अंबाला के एक स्कूल में पढ़ने वाले कुछ बच्चों ने इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर अपने ही शिक्षकों के एआई तकनीकि से मीम बना दिए। जो शिक्षक उन्हें परेशान करना उसके ही वह मीम तैयार कर देते। इसकी शिकायत जब प्रबंधन ने साइबर क्राइम से की तो बच्चों को चिन्हित कर लिया है।

जब पुलिस ने अपने तरीके से पूछताछ की तो बच्चों ने गलती स्वीकार कर ली। हालांकि बच्चों को माफ कर दिया गया। मगर इस अपराध के सामने आने से अंबाला के निजी स्कूल संचालकों में खलबली मच गई है। फोन नंबर नहीं दिखाई देता स्कूली छात्रों ने निजी स्कूल के नाम से मिलती जुलती फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर इस काम को किया। इस अपराध को करने के लिए एक दोस्त का फोन इस्तेमाल किया गया तो दूसरे दोस्त का सिम कार्ड रहा।

## जिला नगर योजनाकार विभाग का तीन अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

- गोबिंदपुरी में दो एकड़, तेजली में दो एकड़ व चांदपुर में पांच एकड़ में विकसीत की जा रही थी अवैध कॉलोनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में करीब नौ एकड़ में विकसीत की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चला है। इस अवैध कॉलोनियों में मौजा गोबिंदपुरी, तेजली व चांदपुर शामिल है। मौके पर किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गोबिंदपुरी में दो एकड़, तेजली में दो एकड़ व चांदपुर में पांच एकड़ में अवैध कॉलोनियां विकसीत की जा रही है। सूचना मिलने के बाद अवैध कॉलोनियां काटने वाले लोगों को नोटिस जारी किया गया। मगर उनका कोई उत्तर नहीं आया। जिसके बाद उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार अवैध कॉलोनियों को ढाहने की कार्रवाई की गई। मौके पर क्षेत्रान्वेषक रवि दत्त और बीएओ जगाधरी संतोष कुमार को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे। इसके साथ ही पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। इसके बाद अवैध कॉलोनियों में बनी पक्की सड़कें, नीवें व प्लाटों की निशानदेही को तोड़ा गया।



**यमुनानगर।** विकसीत की जा रही अवैध कॉलोनियों को जेसीबी की सहायता से तोड़ फोड़ करते अधिकारी।

## पोक्सो एक्ट के आरोपी को सुनाई 5 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने पोक्सो एक्ट के आरोपी विशाल वासी लाडवा जिला कुरुक्षेत्र को 5 साल कठोर कारावास व 55 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना लाडवा एरिया वासी एक महिला ने बताया कि उसके 3 बच्चे हैं। सबसे बड़ी नाबालिग लड़की सरकारी स्कूल में कक्षा 9 में पढती है। दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को उसकी नाबालिग लडकी स्कूल गई थी जहां पर उसे पता चला कि स्कूल की छुट्टी है। उसकी लड़की वापस घर आ रही थी। रास्ते में विशाल वासी लाडवा मिला जिसने उसकी लड़की के साथ छेड़छाड़ की तथा उसे कार में बैठने के लिए कहा। लड़की के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक कमलेश कुमारी द्वारा की गई।

### परीक्षा के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के जारी किए आदेश

# परीक्षा केंद्रों के नजदीक फोटोस्टेट व्यवसाय पर रहेगा प्रतिबंधः प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जिला में सैकेंडरी, सीनियर सैकेंडरी (शैक्षिक मुक्त विद्यालय) वार्षिक परीक्षा एवं डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (रि.अपीयर) परीक्षा फरवरी,मार्च-2026 जिला यमुनानगर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी जिलाधीश प्रीति ने दी।

जिलाधीश प्रीति ने बताया कि सैकेंडरी (नियमित,अपीयर,मुक्त विद्यालय) की परीक्षा 26 फरवरी से 20 मार्च तक दोपहर साढ़े बारह बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक होगी। वहीं, सीनियर सैकेंडरी (नियमित,अपीयर मुक्त विद्यालय) की परीक्षा बुधवार से एक अप्रैल तक दोपहर साढ़े बारह बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक होगी। जबकि डीएलएड प्रथम वर्ष (रि.अपीयर) की परीक्षा 26 फरवरी से 20 मार्च तक दोपहर 12.30 बजे से शाम 3.30 बजे तक होगी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करवाने के उद्देश्य से विशेष प्रबंध किए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों के नजदीक आवश्यकता अनुसार पुलिस सहायता उपलब्ध करवाने तथा बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के आदेश जारी किए गए हैं।



जिलाधीश प्रीति ने बताया कि भिवानी बोर्ड की उक्त परीक्षाओं को शांति पूर्ण व नकल रहित आयोजित करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिए हैं कि जिला में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने व शांति बनाए रखने हेतु जनता का कोई भी प्रतिनिधि जिला में आयोजित विभिन्न परीक्षा केंद्रों के नजदीक न तो कोई जनसभा करेगा और न ही किसी स्थल पर चार या उससे अधिक व्यक्ति एकत्र होंगे।

### खास बातें

- परीक्षा केंद्रों के पास आवश्यकता अनुसार पुलिस बल तैनात

### फोटोव्यवसाय पर रहेगा प्रतिबंध

जिलाधीश प्रीति ने बताया कि जारी आदेशो के अनुसार सभी परीक्षा केन्द्रों की सौ मीटर की परिधि में 25 फरवरी से एक अप्रैल तक परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केन्द्रो के नजदीक फोटोस्टेट व्यवसाय पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के निकट हथियार जैसे अग्नि अस्त्र, तलवार (सिख समुदाय के प्रतीक कृपाण को छोडकPर) बरछा, भाला, लाठी, चाकू व अन्य किस्म के हथियार आदि लेकर नहीं चल सकता। यह आदेश पुलिस व अन्य सरकारी कर्मचारी जो ड्यूटी पर तैनात होंगे पर लागू नहीं होगे। इन आदेशों की उल्लंघनकर्ता भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंड के पात्र होंगे।

खबर संक्षेप

## विदेश भेजने के नाम पर हड़पे दो लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर कैंप निवासी मनीष कुमार से दो लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप सागर कुमार पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने उसे जो वीजा थमाया जांच करने पर वह फर्जी मिला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मनीष कुमार ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 2024 में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात सागर कुमार के साथ हुई। आरोपी ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसे भी विदेश भेज देगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोप है कि आरोपी ने उसे जो वीजा दिया जांच करने पर वह फर्जी मिला। उसने इस बारे आरोपी से बात की मगर आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## छात्रों ने रक्तदान पर नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक



**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज छात्र-छात्राओं द्वारा सामाजिक सरोकार की दिशा में रक्तदान को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। यह नुक्कड़ नाटक एसजेपीपी दामला, एमएलएन यमुनानगर व टीआईएमटी यमुनानगर में आयोजित किए गए। नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य आमजन को रक्तदान के महत्व, इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। यह नुक्कड नाटक संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए। शर्मा ने बताया कि जेएमआईईटी कॉलेज रादौर में 26 फरवरी को 11वें रक्तदान मेले का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली अभिनय, संवादों और भावनात्मक प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदायिनी सिद्ध हो सकती है। नुक्कड़ नाटक के दौरान विद्यार्थियों ने बताया कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिए विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता फैलाना अत्यंत सराहनीय है।

## खिलाडी को सफलता की सीढ़ियां चढ़ाती है जीत

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज पेनचाक सिलाट चैंपियनशिप में तीन गोल्ड मैडल समेत कुल तेरह मैडल जीत कर पानीपत का नाम रोशन किया है। प्राचार्या डॉ अनुपम अरोडा ने बताया कि चरणजीत, कमल ने कांस्य, मोहित व प्रशांत ने स्वर्ण, निशांत ने रजत, थुंगल में प्रशांत ने रजत, गांडा में कमल, मोहित, तन्नु ने कांस्य व किरण ने स्वर्ण पदक जीते। जबकि रेगू में रितिका, प्रीती तानु ने कांस्य पदक हासिल जीते। खिलाडियों के कॉलेज पहुंचने पर प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो नीलम, प्रो आनंद, प्रो अंकुश आदि ने स्वागत किया।

### सदन की बैठक में 53 प्रस्तावों पर हुई चर्चा, 51 पास

# 50 सालों तक जलभराव के समाधान की संरचना होगी तैयार : सुमन बहमनी

नगर निगम दो टीमों की करेगा नियुक्ति एक्सपर्ट टीम पूरे नगर निगम क्षेत्र के सीवरेज, नालों, नालियों का लेवल और निर्माण चेक करेंगी




यमुनानगर। बैठक की अध्यक्षता करती जिला उपायुक्त व नगर निगम मेयर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम सदन की साधारण बैठक मंगलवार को मेयर सुमन बहमनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में एजेंडे में शामिल 53 प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य मुद्दा जलभराव व सफाई व्यवस्था का रहा। उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त प्रीति की उपस्थिति में हुई बैठक में जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए नगर निगम व जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दो एक्सपर्ट टीम हायर करने का निर्णय लिया गया। ये टीम अगले 50 सालों तक जलभराव से बचाव को लेकर संरचना तैयार करेंगी। एक एक्सपर्ट टीम जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा की जाएगी। दूसरी नगर निगम द्वारा हायर की जाएगी। ये एक्सपर्ट टीम पूरे नगर निगम क्षेत्र के सीवरेज, नालों, नालियों का लेवल और निर्माण चेक करेंगी। जहां लेवल सही नहीं हैए उसे संबंधित विभाग द्वारा दुरुस्त किया जाएगा। जिन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या अधिक हैए उनमें पहले काम किया जाएगा। मार्च माह तक विभाग द्वारा रिपोर्ट उपायुक्त एवं मेयर को उपलब्ध करानी होगी। यह कार्य आगामी 50 सालों को ध्यान में रखकर किया जाए। मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक्सपर्ट टीम प्रत्येक वार्ड का दौरा कर अपनी योजना तैयार करेगी। बैठक में बताया गया कि शहर में 270 प्वाइंट ऐसे है. जहां नगर निगम के नालों को सीवरेज से टैप किया जाएगा। सीवरेज जाम न होए इसलिए इन स्थानों पर चेंबर बनाने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही सीवरेज जाम व जलभराव की समस्या का समाधान होगा। बैठक में उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक ने एजेंडे में शामिल प्रस्तावों को पढ़ा। बैठक में मेयर ने शहर के लंबित सभी विकास कार्यों को त्वरित पूरा करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जन विकास कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिन पर पार्षदों ने खुलकर चर्चा की। बैठक में उपायुक्त एवं नगर आयुक्त प्रीति, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, कार्यकारी अभियंता नरेंद्र सुहाग, कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा, कार्यकारी अभियंता सौरव अहलावत, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया, जितेंद्र मल्होत्रा, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह व विनोद बेनीवाल, सहायक अभियंता राजेश कुमार, सुरेंद्र दहिया, मुनेश्वर भारद्वाज आदि ने पार्षदों के सवालों के सटीक जवाब दिए। बैठक में ट्रेनी आईएएस सुमन, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रुति समेत शहर के सभी पार्षद व निगम अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहें।

### नालों की सफाई के टेंडर को मिली एडमिन अप्रूवल

नगर निगम क्षेत्र के छोटे बड़े नालों की सफाई को लेकर कार्यकारी अभियंता नरेंद्र सुहाग ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के तीन मुख्य नालों और छोटे नालों की सफाई के टेंडर को अप्रूवल के लिए भेजा गया है। बड़े नालों की सफाई के टेंडर की एडमिन अप्रूवल हो चुकी है। छोटे नालों की जल्द हो जाएगी। नालों की सफाई का यह टेंडर पूरे साल का होगा। जिसमें सभी नालों की छह बार सफाई की जाएगी। मार्च माह में टेंडर हो जाएगा। अलॉट होते ही सफाई कार्य शुरू कराया जाएगा।

### खाली प्लाटों के मालिकों को जारी होंगे नोटिस

बैठक में पार्षद मनजीत कौर ने खाली प्लाटों का मुद्दा रखा। जिस पर उपायुक्त कम आयुक्त प्रीति ने निगम अधिकारियों से खाली प्लाटों की जानकारी मांगी। क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में लगभग 55 हजार खाली प्लाट है। अधिकतर के मालिकों की जानकारी नहीं है। उपायुक्त प्रीति ने खाली प्लाट मालिकों को चारदीवारी करने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिन मालिकों का पता नहीं हैए वहां आईईसी गतिविधि करवाकर लोगों को खाली प्लाटों में गंदगी न डालने के प्रति जागरूक करने के आदेश दिए। पिछली चार बैठकों में पास हुए प्रस्तावों की 15 दिन में एक्शन टेकन रिपोर्ट मेयर व सभी पार्षदों को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

### टेढ़े पोल व क्षतिग्रस्त गली व नालियां अपने खर्च पर दुरुस्त कराएं यूएचबीवीएन

बैठक में पार्षदों द्वारा उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा लगाए गए पोल तिरछे होने व पोल लगाते समय निगम की गलियां व नालियां क्षतिग्रस्त करने का भी मुद्दा रखा। उपायुक्त प्रीति ने बिजली निगम के अधिकारियों को स्पष्टीकरण दिया। साथ ही निर्देश दिए कि एक माह में सभी टेढ़े पोल ठीक करें। पोल लगाते समय जहां सड़कए गलीए नाली या सीवरेज क्षतिग्रस्त हुआ हैए उसे अपने खर्च से दुरुस्त कराएं।

## किसानों की रक्षा के लिए भाकियू अग्रसर : गुर्जर



रादौर। कार्यालय में जानकारी देते भाकियू जिला प्रधान सुभाष गुर्जर व अन्य।

- किसानों की 6 महीने की मेहनत के बाद मिला खेतों को जाने का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बैठक में बताया कि ईमानदारी और सच्चाई से जो भी आंदोलन किए जाते हैं उसमें सदा ही जीत होती है। गांव पोटली में भी भारतीय किसान यूनियन द्वारा शांतिपूर्ण धरना लगभग 6 महीने चला। इसी के चलते किसानों 6 महीने बाद खेतो में जाने का रास्ता मिल सका।

उन्होंने ने कहा कि धरना स्थल पर उनका हौंसला बढ़ाने किसान नेता राकेश टिकैत भी पहुंचे थे। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान भी आंदोलन में किसानों के कदम से कदम मिलाकर चले। उन्होंने इस जीत का श्रेय जिला के क्रांतिकारी संगठन की टीम को दिया है। संगठन की ताकत से कल अंडरपास की खुदाई का कार्य भी शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रतनमान रास्ते को लेकर मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के भी संपर्क में रहे। भविष्य में भी भारतीय किसान यूनियन किसानों के हक की लड़ाई लडने का काम करेगी। किसान की फसल व नस्ल को बचाने के लिए भारतीय किसान यूनियन अग्रसर है। पिछले 6 महीने से किसानो द्वारा हाईवे पर काम बंद किया हुआ था और आज धरने को समाप्त कर दिया गया। अब भारतीय किसान यूनियन का अगला लक्ष्य खूनी सड़क एसके रोड को दुरूस्त करवाना होगा। उन्होंने कहा कि 10 फरवरी को रादौर से यमुनानगर खूनी सड़क को लेकर रोड जाम किया था। एसडीएम जगाधरी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियो ने मौके पहुंचकर सड़क पर 28 फरवरी तक पैंचवर्क लगाने का आश्वासन देकर किसानों को धरने से उठाया था। लेकिन अब तक सडक पर कोई पैंचवर्क नहीं लगा। मार्च के पहले सप्ताह में दामला में सड़क पर टेंट लगा दिया जाएगा। जल्द ही आंदोलन की तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। इस अवसर पर यादविंदर कांबोज जयपुर, सुभाष शर्मा, जगतार रानीपुर, वीर सिंह, सुभाष हरतोल, दिलबाग ताहरपुर, गुरनाम अजीजपुर, संजु राणा, जसविंदर अजीजपुर, दलबीर कैल, सुखदेव सलेमपुर, जसबीर मारवा, उदय सिंह कुंजल आदि किसान मौजूद रहे।

## कैंप बाजार में कचरा प्रबंधन के प्रति दुकानदारों को किया जागरूक

- सफाई निरीक्षक ने हर दुकान पर दो डस्टबिन रखने के दिए निर्देश



यमुनानगर। दुकानदारों को कचरा प्रबंधन के लिए जागरुक करती निगम की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) टीम द्वारा शहर के कैंप बाजार क्षेत्र में विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य बाजार क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना तथा दुकानदारों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक कर स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना रहा। निगम के सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा, अजीत कुमार व आईईसी विशेषज्ञ आकाश ने दुकानदारों को समझाया कि प्रत्येक दुकान पर अनिवार्य रूप से दो डस्टबिन रखे जाएं। जिनमें गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग एकत्रित किया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार का कचरा सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंका जाए।

## खिल्लावाला जंगल से हुए खैर के पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** गांव खिल्लावाला जंगल से खैर तस्करों ने हजारों रुपये के खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। पुलिस ने वन्य जीव निरीक्षक की शिकायत पर चार खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर लीलू राम ने शिकायत में बताया कि 22 फरवरी को शाम छह बजे वह टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव खिल्लावाला जंगल से खैर तस्करों ने खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की तो जंगल से खैर के पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये है।

## जितनी बार व्यक्ति अवैध कॉलोनियां काटेगा उतनी बार दर्ज होंगी एफआईआर: डीसी

- उपायुक्त प्रीति ने जिले में बढ़ती अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाने के दिए निर्देश



यमुनानगर। अधिकारियों की बैठक लेती जिला उपायुक्त प्रीति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला में अवैध कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को बढ़ती अवैध कॉलोनियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो व्यक्ति जितनी बार अवैध कॉलोनियां काटेगा उसके खिलाफ उतनी बार एफआईआर दर्ज करवाई जाए। उन्होंने बताया कि हरियाणा डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन ऑफ अर्बन एरियाज एक्ट 1975, एक्ट नंबर 8, 1975 के सेक्शन 7 ए के प्रावधानों के तहत घोषित अर्बन एरिया में किसी भी प्रकार की बिक्री, खरीद या लीज संबंधी रजिस्ट्रेशन से पूर्व डीटीपी कार्यालय से एनओसी लेना अनिवार्य है।

### ग्लोबल शिक्षण संस्थान में हुआ रक्तदान शिविर



रादौर। रक्तदान शिविर में रक्तदाता को बैच लगाते मुख्यातिथि व अन्य।

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च एंड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन नाचरौन में रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी इंटरनेशनल के 121वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता नेपाल राणा व वशिष्ठ अतिथि एसडीएम रादौर नरेंद्र सिंह ने किया। शिविर में 60 से अधिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मुख्यातिथि नेपाल राणा व वशिष्ठ अतिथि एसडीएम नरेंद्र सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। दुनिया में इससे बड़ा कोई दान नहीं है। हमें रक्तदान करके मानवता की सेवा करनी चाहिए। 18 वर्ष से अधिक का कोई भी युवा रक्तदान कर सकता है। इंसानी रक्त केवल एक इंसान से ही दूसरे इंसान को दिया जा सकता है।

## भारी वाहनों से मुख्य सड़क हो रही खस्ताहाल, स्थानीय लोग परेशान

- यमुनानहर पुल के पास बड़ी दरार पड़ने से सड़क टूटनी हुई शुरू



रादौर। पश्चिमी यमुनानहर के पुल के पास टूटी सड़क दिखाते स्थानीय लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कस्बा रादौर में पश्चिमी यमुनानहर के पुल के पास भारी वाहनों के चलते सड़क में बड़ी बड़ी दरारे पड़ने से सड़क टूटनी शुरू हो चुकी है। जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के लोग सड़क टूटने के चलते भारी वाहनों की आवाजावी से होने वाली आवाजों से भारी परेशान है। स्थानीय निवासी रवि सैनी, गीता राम, बैसाखी राम सैनी, रविंद्र सैनी, संजय आदि ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से पुल के पास बनाई गई सड़क टूटने लगी है। जिस कारण सड़क में बड़ी बड़ी दरारे पडन लगी है। सड़क में बड़ी बड़ी दरारे पड़ने से भारी वाहन दरारो के चलते अधिक आवाज करते है। जिससे उन्हें बहुत परेशानी होती है।उन्होंने प्रशासन से क्षतिग्रस्त सड़क को दुरूस्त किए जाने की मांग की। स्थानीय लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का 14 को होगा आयोजन: सुमित्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को न्यायिक परिसर में किया जाएगा। जिसमें आपसी सहमती से हल होने वाले मामलों का निपटान किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने दी।

सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, धारा-138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले वेतन और भत्ते तथा पुनरू परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले और राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं इस अदालत में लिए जाएंगे। सीजीएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है।

### डेरा सलेमपुर में गुरु रविदास जयंती पर आयोजित संत सम्मेलन

# गुरू रविदास के संदेशों को लोगों तक पहुंचाएं : डॉ. निर्मल

मनुष्य की पहचान उसकी जाति से नहीं, बल्कि उसके कर्म और चरित्र से होती है



यमुनानगर। डॉ. निर्मल सिंह का स्वागत करते हुए संत समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

डेरा सलेमपुर में संत गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष में संत धीरदास जी महाराज के सानिध्य में संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संत धीरदास जी महाराज ने सभी को अपना आर्शीवाद दिया। वहीं, मुख्य वक्ता के रुप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने भाग लिया। सम्मेलन में हजारों संतो ने भाग लिया। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज ने सभी को समता, भाईचारा और मानवता का संदेश दिया। हमें गुरु रविदास के बताए मार्ग पर चलकर समता, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन जन तक पहुंचने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि मनुष्य की पहचान उसकी जाति से नहीं होती है। बल्कि मनुष्य की पहचान उसके कर्म और चरित्र से होती है। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि गुरु रविदास महाराज के विचार आज भी समाज को समानता, भाईचारे और न्याय का मार्ग दिखाते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी एवं बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि सम्मेलन में बहुजन समाज को एकजुट होने के लिए प्रेरित किया।

### लोगों को किया प्रेरित

उन्होंने कहा कि इसका उदाहरण मायावती द्वारा उत्तर प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री के रुप में सफलतापूर्वक शासन करके और कानून व्यवस्था, सामाजिक न्याय की नीति को मजबूती से लागू करना है। उन्होंने कहा कि मायावती के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ। गरीबों, दलितों, पिछड़ों और सर्वसमाज के सम्मान की रक्षा हुई। डॉ. निर्मल सिंह ने सभी से देश में सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूत करने के लिए मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए व्यापक जनसमर्थन तैयार करने के लिए आहवान किया।

## बीए प्रथम वर्ष की गगनदीप ने जीती स्लोगन एवं स्टोन आर्ट प्रतियोगिता

- खालसा कॉलेज में स्लोगन लेखन व स्टोन आर्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



यमुनानगर। विजेताओं को सम्मानित करते हुए कालेज स्टाफ के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में संस्थान के कम्युनिटी कालेज द्वारा अंग्रेजी विभाग के सहयोग से स्लोगन लेखन व स्टोन आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने रिबन काटकर किया।

प्रिंसीपल भल्ला ने बताया कि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की गगनदीप ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं, बीसीए द्वितीय वर्ष की मुस्कान सैनी ने दूसरा व बीसीए छठे सेमेस्टर की खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि तानिया ने पहला,कुलविंदर कौर ने दूसरा, हर्ष शर्मा को तीसरा सांत्वना पुरस्कार मिला। इसी तरह स्टोन आर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की गगनदीप ने फिर से पहला स्थान हासिल किया। वहीं, सिमरप्रीत कौर को दूसरा और रेणुका को तीसरा कंसोलेशन पुरस्कार दिया गया। प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप



### सीजेएम ने किया उद्यान केयर होम का निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में उद्यान केयर होम कुरुक्षेत्र का निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने उद्यान केयर होम के निरीक्षण उपरांत वहाँ पर उन्होंने बच्चों से बातचीत की और बच्चों के कमरों का निरीक्षण किया और उनको दिए जाने वाले भोजन का जायजा लिया।

### कठिन परिश्रम से ही सफलता संभव

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में अटल संचार भवन स्थित जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया की अध्यक्षता में कॉर्पोरेट संसाधन केंद्र एवं जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पाँच दिवसीय कार्यशाला कॉरपोरेट स्किल डेवलपमेंट इन मास कम्युनिकेशन के दूसरे दिन संपन्न हुआ। डॉ. सलोनी पवन दीवान ने व्यक्तित्व विकास के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता संभव है।

### शिक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**शाहबाद।** शाहबाद ग्रामीण क्षेत्र के गांव अटवान स्थित राजकीय मिडल स्कूल में शिक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और प्रेरणादायक माहौल में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया और परीक्षाओं व पाठ्यक्रम से जुड़े सवालों पर खुलकर संवाद किया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता सुभाष कलसाना मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि गांव के सरपंच विक्रम अटवान विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। स्कूल पहुंचने पर मुख्याध्यापक जितेन्द्र अरोड़ा ने स्टॉफ सहित मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

### रोजगार के लिए कौशल विकास की जरूरतः राकेश

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर एवं रूसा प्रोजेक्ट सोसायटी के तत्वावधान में मनोविज्ञान विभाग द्वारा रोजगार क्षमता में वृद्धि एवं बाजार की तैयारी विषय पर पाँच दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावसायिक दक्षता, प्रभावी संचार कौशल और बाजार उन्मुख क्षमताओं का विकास भी अत्यंत आवश्यक है।

## श्रीकृष्ण कृपा गोशाला सेवा समिति ने हरिनगर में किया कार्यक्रम आयोजित

# प्रभात फेरी में गूंज उठा हरि नाम संकीर्तन से छाया भक्ति का माहौल

### श्रद्धालुओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण कृपा गोशाला सेवा समिति द्वारा हरिनगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से वीटा प्लांट के प्रबंधक देवेन्द्र त्यागी के परिवार द्वारा भागवत कथा और होली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित प्रभात फेरी में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वीटा प्लांट कुरुक्षेत्र की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कामिनी, पवन भारद्वाज, शशी शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, विक्रांत, चौधरी महासिंह, चौधरी रणबीर सिंह, राजेश मेहला, शारदा रंजन, राजेश दलाल, राजकुमार, सुरेन्द्र चहल, संजीव शर्मा, प्रदीप, सत्यवान शर्मा, जगदीश, यादवेन्द्र, सुंदर लाल गुप्ता, अंकित राणा, प्रेम गर्ग, सतीश शर्मा, चंदगी राम, प्रवीण सैनी तथा अनेक गणमान्य नागरिकों एवं हरिनगर वासियों के सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। हरि नाम की गूंज से सारा वातावरण हरिमय हो गया। भजन रसिकों राजेंद्र चोपड़ा, सुनील वत्स, पवन गुंब्बर, विकास, जय भगवान तथा महिला संकीर्तन मंडल द्वारा मन चल वृंदावन चलिये......जैसे भजनों पर श्रद्धालु जमकर नाचे। समिति की ओर से कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले श्रद्धालुओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रभात फेरी में समिति की ओर से सुनील वत्स, डॉ. ऋषिपाल, राजेंद्र चोपड़ा, नवीन भारद्वाज, श्याम आहूजा, अशोक अरोड़ा, विजय नरूला, हंसराज सिंगला, पवन भारद्वाज, धर्मपाल शर्मा, शुभम मित्तल, तरूण धमीजा, स्पर्श सिंगला, संजय आहूजा, दीपक आहूजा, रामकुमार, रमाकांत, पवन गुंब्बर, विकास छाबड़ा, कर्मचंद चुघ, राजीव गाबा, के.के. कौशल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**कुरुक्षेत्र।** प्रभातफेरी के आयोजकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी।

### होलाष्टक में भगवान का सुमिरन करना श्रेष्ठ

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने संकीर्तन में बताया कि होलाष्टक का समय बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन मांगलिक कार्यों के लिए यह समय बहुत अशुभ माना जाता है। होलाष्टक 24 फरवरी 2026 से 3 मार्च 2026 तक रहेंगे। होलाष्टक के दौरान मांगलिक काम जैसे कि शादी, सगाई, मुंडन और नामकरण जैसे कामों से बचना चाहिए। नया घर खरीदना, भूमि पूजन, गृह प्रवेश व नई गाड़ी लेने से बचना चाहिए। नया व्यवसाय आरम्भ करने से भी बचना चाहिए। तामसिक चीजों से दूर रहना चाहिए। किसी की भी निंदा चुगली मत करें। कहा कि सोमवार 2 मार्च 2026 को प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा में होलिका दहन किया जाएगा। मंगलवार 3 मार्च 2026 को खग्रास चन्द्र ग्रहण सम्पूर्ण भारत में रहेगा क जिसका सूतक प्रातः 6 बजकर 20 मिनट से प्रारम्भ हो जाएगा। ग्रहण स्पर्श सायं 3 बजकर 20 मिनट से आरम्भ और ग्रहण समाप्ति 6 बजकर 47 मिनट पर होगी। होली का त्यौहार इस बार बुधवार 4 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। जातक को पूजा करते वक्त पूर्व या उत्तर की ओर मुख करके बैठना चाहिए। होलिका से जुड़ी कथा के अनुसार कहा जाता है कि होलाष्टक के दिन से भक्त प्रहलाद को कारागार में बंद कर दिया गया था और होलिका में जलाने की तैयारी की गई थी। वहीं दूसरी कहानी के अनुसार कहा जाता है कि भगवान शिव ने होलाष्टक के दिन में कामदेव को भस्म किया था। श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली की संकीर्तन मंडली के गायिका शिमला धीमान,आशा कवातरा, पायल सैनी, कोमल मेहरा,निशा अरोड़ा, सुरेन्द्र कौर, सुमित्रा पाहवा और भक्त सुशील तलवाड़ ने सुंदर भेंटे गाई और सुन्दर नृत्य किया।



## सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी परीक्षाओं के लेकर नियुक्त किए फ्लाइंग स्कवाड आफिसर

# बोर्ड की परीक्षाएं आज से 54 परीक्षा केन्द्र बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि बोर्ड आफ स्कूल एजुकेशन हरियाणा भिवानी की तरफ से सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन 25 फरवरी से लेकर 1 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। इन परीक्षाओं के शेड्यूल के अनुसार कुरुक्षेत्र जिले में अलग-अलग जगहों पर परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। यह परीक्षाएं दोपहर 12:30 से लेकर सायं 3:30 तक आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए प्रशासन की तरफ से उड़न दस्ते गठित किए गए है। इस जिले में लगभग 54 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है और एडीसी कुरुक्षेत्र को ओवर ऑल इंचार्ज की ड्यूटी सौंपी गई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंगलवार को जारी आदेशों में कहा कि अमीन राजकीय स्कूल, गीता गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमीन रोड, गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजदीक अहिल्याबाई होलकर चौक, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुरानी अनाज मंडी पिपली, महंत प्रभात पुरी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्याम कॉलोनी झांसा रोड, मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर सुंदरपुर, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उमरी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सहित 10 परीक्षा केन्द्रों के लिए नगराधीश प्रशासन की तरफ से नोडल अधिकारी रहेंगे। इन परीक्षा केन्द्रों के लिए डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार को सुरक्षा की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### छापेमारी कर 2 बाल मजदूरों को छुड़वाया

**लाडवा।** जिला टास्क फोर्स की तरफ से लाडवा शहर में छापामारी करके 2 नाबालिक बच्चों को बाल मजदूरी करते हुए पकडा। यह नाबलिक एक दुकान पर बाल मजदूरी कर रहे थे। इन नाबालिकों को नियमानुसार बाल मजदूरी से मुक्त किया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार लाडवा शहर में दुकानों पर बाल मजदूरी को लेकर जिला टास्क फोर्स की टीम ने छापामारी की। छापामारी के दौरान दो नाबालिक बच्चे बाल मजदूरी करते हुए मिले। इस कार्रवाई बाल कल्याण समिति मेंबर सौरभ बठला,श्रम विभाग से इंस्पेक्टर अशोक कुमार,मानव तस्करी विरोधी इकाई से एएसआई राजतिलक,शिक्षा विभाग से प्रिंसिपल सुनीता, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी लाडवा उषा कम्बोज और एमडीडी ऑफ इंडिया अंजीओ से जिला सह सयोंजक रामलाल सिरसल व संयुक्त टीम ने की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत संयुक्त टीम लाडवा शहर पहुंची और दुकानों पर टीम को बाल मजदूरी करते हुए 2 बच्चे नजर आए और उन दोनों ही बच्चों को टीम ने मौके पर ही रेस्क्यू किया।

# 27 से 2 मार्च तक फसल लेकर अनाज मंडी में न लाएं

**लाडवा की अनाज मंडी में दो दिवसीय किसान मेले को देखते हुए लोगों से की अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



मार्केट कमेटी के चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच विकसित किसान विकसित हरियाणा के तहत कृषि विकास मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें किसानों को फसल, मिट्टी व पानी की जांच की जाएगी। इसके अलावा किसानों को उन्नत बीजों के बारे में बताया जाएगा जिससे उनकी पैदावार अधिक से अधिक हो सके। इस मेले में किसानों को रोग ग्रस्त फसलों के कारण व उनके निवारण के बारे में भी बताया जाएगा। इसके बाद उन्होंने अनाज मंडी में जाकर अनाज मंडी से जुड़ी समस्याओं के बारे में आढ़तियों व किसानों से मिलकर जाना और उनके निवारण हेतु संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को सूचित किया। मार्केट कमेटी के चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त मंगलवार को लाडवा की अनाज मंडी में स्थित मार्केट कमेटी के कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में आगामी 28 फरवरी से 1 मार्च तक दो दिवसीय किसान मेले का आयोजन लाडवा अनाज मंडी में किया जा रहा है। जिसको लेकर उन्होंने सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर किसान मिले का लाभ उठाएं और अपनी फसलों के उत्पादन को बढ़ाने हेतु उन्नत तकनीक के बारे मे जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने लाडवा के सभी किसान भाइयों से अपील की कि वह किसान मेले को देखते हुए 27 फरवरी से लेकर 2 मार्च तक अपनी फसलों को लेकर अनाज मंडी में ना आए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान मार्केट कमेटी के सचिव संत कुमार, मंडी के प्रधान राजीव आर्य, अंकित सिंगल, विनोद शर्मा व अनाज मंडी के सभी आढ़ती व किसान मौके पर मौजूद रहे।

# नवरात्र महोत्सव को लेकर माता बाला सुंदरी मंदिर कार्यकारिणी कमेटी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



आस्था के महापर्व नवरात्रि को लेकर माता बाला सुंदरी मंदिर कार्यकारिणी कमेटी की एक बैठक मंदिर परिसर में अनाज मंडी के आढ़ती एवं समाजसेवी लवली मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कमेटी के अग्रणी सेवादार श्रवण मंगला ने बताया कि 19 मार्च से 26 मार्च तक मंदिर में मनाए जाने वाले नवरात्रि महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न अहम मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान सेवादार सतपाल मित्तल द्वारा वर्ष 2025-26 का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया। मंगला ने बताया कि आठ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि महोत्सव के लिए कमेटी सदस्यों को प्रारंभिक जिम्मेदारी सौंपी गई है। शीघ्र ही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं सहित मंदिर को भव्य ढंग से सजाया जाएगा और मंदिर प्रबंधन की ओर से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं के लिए व्यापक प्रबंध किए जाएंगे। कमेटी सदस्य रमेश मित्तल, टेकचंद बंसल ने बैठक में कार्यकारिणी ने चैत्र चौदस पर लगने वाले मेले को लेकर 14 से 18 मार्च तक सरस्वती तीर्थ पर आने वाले यात्रियों के लिए भोजन व आवास की निशुल्क व्यवस्था किए जाने का फैसला लिया है।




### नवयुग स्कूल में खेल उत्सव का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मोहन नगर, कुरुक्षेत्र में कक्षा नर्सरी से तृतीय के लिए आयोजित खेल उत्सव पूरे जोर शोर से मनाया। उत्सव का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर, प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापिका द्वारा आकाश में केसरिया, हरे, सफेद रंग के गुब्बारे छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित खेलों में लड़कों और लड़कियों ने बराबर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। उत्सव में सिंपल रेस, लेमन रेस, बैलेंसिंग रेस, बैक रेस, स्किपिंग रेस, जंप रेस, कॉइन रेस, क्रोलिंग रेस, रैबिट रेस प्रतियोगिताएं करवाई गईं। सिंपल रेस,रेस, लेमन रेस, स्किपिंग रेस में विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन करके सबको चकित कर दिया। सिंपल रेस में संजना प्रथम, सोनम द्वितीय, वाणी और खुशप्रीत तृतीय, पिक एंड ड्रॉप रेस में वंश प्रथम, परवीन और जायस द्वितीय, नव्या तृतीय, बैक रेस में भाविक प्रथम, ओम द्वितीय, रियानपाल तृतीय, हर्डल रेस में आश्वी और दक्ष प्रथम, सानवी और खेम सिंह द्वितीय, प्रिशा और कुश तृतीय, बैलेंस रेस में पावनी और सना प्रथम, सराया और अन्वी द्वितीय, दिवाशीं और भावना तृतीय स्थान पर रहे। सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लेने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा, प्रधानाचार्य देवेन्द्र अरोड़ा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, कोर्डिनेटर रितु चौधरी द्वारा प्रमाण पत्र देकर व मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उत्सव के अंत में विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए टग ऑफ वार का आयोजन किया गया।

# पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें विद्यार्थीः कंवलजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- पीएम श्री राजकीय विद्यालय झांसा में वार्षिक समारोह का आयोजन

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झांसा में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि कंवलजीत कौर चेयरपर्सन जिला परिषद कुरुक्षेत्र रहीं। विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि कंवलजीत कौर ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी एक सरकारी विद्यालय की छात्रा रही हैं। हरियाणा सरकार, राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान कर रही है, इसलिए विद्यार्थियों को इन सुविधाओं का पूरा लाभ उठा कर ऊंचाइयों तक पहुंचना चाहिए। प्राचार्य राज कपूर ने विद्यालय की सभी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा तथा अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। समारोह में जिला परिषद के लेखा अधिकारी सत्य भूषण सैनी सम्मानित अतिथि रहे तथा ब्लॉक समिति अध्यक्ष के प्रतिनिधि सुभाष दहिया विशेष अतिथि रहे। खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद शेखर चंद्र ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए बधाई दी। समारोह में झांसा के सरपंच पवन गाबा ने भी उत्कृष्ट परिणामों के लिए सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को शुभकामनाएं दीं।





### महाराज अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**कुरुक्षेत्र।** श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत द्वारा संचालित महाराज अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल, दबखेड़ी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बृजभूषण जिंदल ने शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता विशाल सिंगला ने की। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस भव्य समारोह में विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और उपलब्धियों का सम्मान किया गया। पूरे परिसर में उल्लास, उमंग और आत्मविश्वास का वातावरण देखने को मिला। समारोह के दौरान शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मैडल, स्कूल बैग,टिफिन देकर सम्मानित किया गया। जब-जब विद्यार्थियों को मंच पर बुलाया गया, तब-तब तालियों की गूंज से वातावरण उत्साह से भर उठा। यह दृश्य अत्यंत प्रेरणादायक और हर्षोल्लास से परिपूर्ण था। विशेष रूप से समारोह में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉ अनीश सिंगला और डॉ. पवनदीप ने विद्यार्थियों के सामान्य स्वास्थ्य के साथ-साथ दांतों की भी जांच की। चिकित्सकों ने बच्चों को दांतों की स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वैश्य अग्रवाल पंचायत के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, महासचिव नवकेतन गोयल, कोषाध्यक्ष विशेष गर्ग तथा संयुक्त सचिव अभय मित्तल सहित अन्य मौजूद रहे।

### सरकार ने दिया सांग महोत्सव का अनोखा मंच : कैलाश सैनी

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि प्रदेश की सांग जैसी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के लिए सरकार की तरफ से सांग महोत्सव का अनोखा मंच दिया है। इस मंच पर प्रदेश भर से करीब 25 सांग के ग्रुप के कलाकारों ने युवा पीढ़ी के समक्ष सांग जैसी विधा को अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया है। यह कलाकार ही सांग जैसी विधा को संरक्षित करने का काम कर रहे है और इन कलाकारों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रोत्साहित करने का काम कर रहे है। मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला के सभागार में सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से आयोजित 5 दिवसीय सांग महोत्सव 2026 के दूसरे दिन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, पद्मश्री डा. महावीर गुड्डू, राष्ट्रपति अवार्डी प्रेम देहाती, प्रोफेसर रामनिवास सहरावत, डा. हनीफ खान, एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने प्रसिद्ध सांगी धनपत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने सांग की प्रस्तुति से खुश होकर लोक कलाकार सुभाष और उनके साथी कलाकारों की सांग पार्टी को 11 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की है।



**कार्यक्रम** धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार योजना के अंतर्गत सांग महोत्सव

# हरियाणा की लोक कला का दिखाया जलवा कलाकारों ने प्रस्तुत किए मनोरंजक मंचन

### पांच अलग-अलग सांग दलों ने सांग मंचन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार योजना के अंतर्गत हरियाणा कला परिषद के कला कीर्ति भवन में 23 फरवरी से 27 फरवरी तक चलने वाले सांग महोत्सव में दूसरे दिन हरियाणा के पांच अलग-अलग सांग दलों ने सांग मंचन किये। इस मौके पर निर्णायक मंडल में पद्मश्री महाबीर गुड्डू, लोक कलाकार प्रेम सिंह देहाती, प्रो. रामनिवास सहरावत तथा डा. हनीफ खान ने कलाकारों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया।



**कुरुक्षेत्र।** सांग की प्रस्तुति देते कलाकार।

### हीरामल जमाल के किस्से का मंचन

मंच का संचालन रामनिवास शर्मा द्वारा किया गया। सांग उत्सव में कुलदीप सांगी द्वारा हीरामल जमाल, संजय सांगी ने जानी चोर, सुभाष ने बणदेवी, सतपाल सांगी ने गोपीचंद तथा नितिन कुमार ने चंद्रप्रभा मदनपाल की प्रस्तुति दी। धनपत सिंह प्रणाली से कुलदीप सांगी द्वारा हीरामल जमाल के किस्से का मंचन करते हुए दिखाया गया कि एक गांव में बनिया का बेटा हीरामल रहता है जो बेहद विद्वान है। उसी गांव में कमरुद्दीन नामक एक मुसलमान रहता है जो हीरामल का परम मित्र है। दोनों अपनी दिनचर्या साथ.साथ शुरू करते और एक दूसरे के सहयोगी बने रहते। एक दिन हीरामल मुसलमानों की बस्ती से जा रहा होता है कि वहां हीरामल एक मुस्लिम लडकी जमाल को कुरान पढ़ते हुए देखता है। हीरामल जमाल को कहता है कि वह कुरान गलत पढ़ रही है। जमाल हीरामल से कुरान का सही पाठन करने को कहती है। कुरान के पाठन के दौरान दोनों में गहरी मित्रता हो जाती है। हीरामल प्रतिदिन जमाल को कुरान पढ़ाने आता है। हीरामल के पिता को जब इस बारे में पता चलता है तो वह हीरामल पर क्रोध करते हैं और उसे मुसलमानों की बस्ती में जाने से मना कर देते हैं। लेकिन हीरामल अपने पिता की बात को अनदेखा कर जमाल से मिलना जारी रखता है। सूबेलाल प्रणाली से सुभाष सांगी ने बणदेवी सांग का मंचन करते हुए दिखाया कि राजकुमार कणकर्त अपने लाव लश्कर के साथ शिकार खेलने के लिए घने जंगल में जाते हैं। शिकार के दौरान वह अपने साथियों से बिछड़ जाते हैं और एक जलाशय के पास आराम करने लगते है।

## खबर संक्षेप

### सख्ती से हो नियमों की पालना : एसडीएम

**शहजादपुर।** एसडीएम शिवजीत भारती ने नागरिकों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने का अनुरोध करते हुए कहा है कि नियमों की अनदेखी के कारण छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़े सडक़ हादसों का रूप ले लेती हैं। इससे अनमोल जीवन की हानि होती है। एसडीएम ने कहा कि ऐसी शिकायतें आई है कि उपमंडल क्षेत्र में कुछ वाहन चालक लाल बत्ती का उल्लंघन करते हैं, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते हैं, सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करते तथा तेज गति और गलत दिशा में वाहन चलाने जैसी लापरवाहियां करते हैं। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल स्वयं के लिए, बल्कि अन्य राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी खतरा बनती हैं।

### सुशीला ने गतिविधियों का लिया जायजा

**शहजादपुर।** डाइट मोहड़ा की सीनियर लेक्चरर सुशीला गुप्ता ने खंड नारायणगढ़ के राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गांव खानपुर राजपूताना का दौरा कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने एफएलएन कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों तथा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से विशेष रूप से हिंदी एवं गणित विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर उनके ज्ञान का अवलोकन किया।

### 14 दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**शहजादपुर।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी के नेतृत्व में 14 दिवसीय आयोजित नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह महाविद्यालय परिसर के सभागार में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास वृद्धि एवं शारीरिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से किया गया था। समारोह की शुरुआत छात्राओं द्वारा गणेश वंदना से हुई। इसके पश्चात छात्राओं ने कार्यशाला के दौरान सीखे गए विभिन्न नृत्य रूपों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

### फसल बीमा योजना महत्वपूर्ण : जसविंद्र सिंह

**अंबाला।** उपनिदेशक कृषि एवं कल्याण विभाग अम्बाला डॉ. जसविंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व सामान्य फसल सर्वेक्षण आंकलन केंद्र सरकार की अति महत्वपूर्ण योजनाएं हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मौजूदा सीजन रबी 2025-26 में फसल गेंहू जौं, सरसों, चना तथा सूरजमुखी फसलों के बीमे का प्रावधान है जिसके तहत प्रत्येक गांव में चार-चार फसल कटाई प्रयोग व सामान्य फसल सर्वेक्षण आंकलन के तहत चयनित गांव में गेंहू, सरसों, तथा सूरजमुखी के दो-दो फसल कटाई प्रयोग कृषि विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा किए जाते हैं।

### विदेश भेजने का लालच देकर विधवा से दुष्कर्म

**मुलाना।** क्षेत्र से धोखाधड़ी और यौन शोषण का एक गंभीर मामला सामने आया है। यमुनानगर की रहने वाली एक 24 वर्षीय तलाकशुदा महिला ने आरोप लगाया है कि एक युवक ने उसे विदेश भेजने का सपना दिखाकर होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता, जो पेशे से सिलाई का काम करती है, ने पुलिस को बताया कि पिछले महीने उसकी बातचीत विजय नाम के एक युवक से शुरू हुई थी। विजय ने उसे झांसा दिया कि वह उसे विदेश में वर्क वीजा भेज सकता है। इसी सिलसिले में बातचीत करने के बहाने आरोपी ने महिला को व्हाट्सएप कॉल कर दोसड़का बुलाया। शिकायत के अनुसार जब महिला दोसड़का पहुंची, तो विजय वहां अपनी कार लेकर आया। वह महिला को मुलाना क्षेत्र के एक होटल में ले गया। यहां उसने शादी या विदेश भेजने का प्रलोभन देकर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी महिला को मुलाना अड्डे पर छोड़कर फरार हो गया।

## एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर दो घंटे नारेबाजी

# कर्मचारियों पर जबरन सहमति का दबाव बना रहे अफसर

> निगम अधिकारी डीसी रेट कर्मचारियों को कार्यालय में बुलाकर जबरन लिखित सहमति लेने का दबाव बना रहे : सतबीर देशवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर चल रहे प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने दो घंटे तक नारेबाजी की। पूरे उत्तर हरियाणा जोन में डिवीजन स्तर पर कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सर्किल अंबाला के अंतर्गत चारों डिविजनों में कर्मचारी एकजुट हुए। सब डिविजन नंबर-1, नंबर-2 और बब्याल के कर्मचारी अंबाला कैंट डिवीजन में एकत्रित हुए, जबकि बराड़ा, केसरी और इंडस्ट्रियल एरिया के कर्मचारी मुलाना डिविजन में पहुंचे और दो घंटे तक प्रदर्शन किया। मुलाना डिविजन में सर्किल सचिव सतबीर देशवाल ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि निगम अधिकारी डीसी रेट कर्मचारियों को कार्यालय में बुलाकर उनसे जबरन लिखित सहमति लेने का दबाव बना रहे हैं ताकि उन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) पोर्टल पर स्थानांतरित किया जा सके। उन्होंने इसे "सरासर अन्याय" बताते हुए स्पष्ट कहा कि यूनियन के निर्देश के बिना कोई भी कर्मचारी किसी प्रकार की लिखित सहमति पर हस्ताक्षर न करे। यदि कोई अधिकारी दबाव बनाता है तो उसे साफ शब्दों में जवाब दिया जाए कि कर्मचारी एचकेआरएन में पोर्ट नहीं होना चाहते।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

अंबाला कैंट यूनिट में पूर्व सर्किल सचिव राजकुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार और निगम प्रशासन सर्वोच्च न्यायालय के "समान काम, समान वेतन" के निर्देशों को लागू करने के बजाय डीसी रेट कर्मचारियों को सिक्योरिटी एक्ट के दायरे में लाने की तैयारी कर रहा है। आरोप लगाया गया कि एचकेआरएन पोर्टल पर अस्थायी आईडी बनाकर कर्मचारियों का डाटा अपलोड किया जा रहा है, ताकि भविष्य में उनका तबादला आसान हो सके और वे अपने वैधानिक लाभों से वंचित रह जाएं। उन्होंने कहा कि डीसी रेट कर्मचारियों का डाटा नियमित कर्मचारियों की तरह एचआरएमएस पोर्टल पर अपलोड होना चाहिए, न कि एचकेआरएन के माध्यम से। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि निगम प्रशासन ने अपनी नीति वापस नहीं ली तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यूनियन के अगले आदेश पर किसी भी स्तर के संघर्ष के लिए कर्मचारी पूरी तरह तैयार हैं। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता अंबाला कैंट में चेयरमैन रामलाल, नारायणगढ़ में उपप्रधान प्रमोद राणा, अंबाला शहर में यूनिट प्रधान सुदेश कुमार तथा मुलाना में सर्किल सचिव सतबीर देशवाल ने की। मंच संचालन देवेंद्र, राजेश सैनी, रविंद्र कुमार और विक्रम सिंह ने किया। यूनियन ने दो टूक कहा है कि कर्मचारियों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा और "समान काम, समान वेतन" की लड़ाई अंतिम निर्णय तक जारी रहेगा।

## पोस्टर से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- एनएसएस शिविर में प्रभावशाली गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर




शहजादपुर। शिविर के दौरान एकजुट स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

सरकारी महिला महाविद्यालय बड़ागढ़ में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर में प्रभावशाली गतिविधियों और विचारोत्तेजक व्याख्यानों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की। सोनिया ने पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी पर बल दिया और वनीता शर्मा ने दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। एक सशक्त नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें टीमों ने मादक द्रव्यों के सेवन, स्वच्छता और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर जोशपूर्ण प्रदर्शन किया। इसके बाद बागवानी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्वयंसेवकों ने अपनी बागवानी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और स्वस्थ जीवन शैली पर विशेषज्ञ सत्रों ने मूल्यवान कौशल और अंतर्दृष्टि प्रदान की। मोनिका शर्मा और प्राची मलिक के साइबर सुरक्षा और पोषण पर व्याख्यान ने स्वयंसेवकों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रूप से आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाया। एक और आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता ने सामाजिक जागरूकता के महत्व को और भी पुष्ट किया।



अंबाला। बाजी मारने वाले छात्र। फोटो : हरिभूमि

### अंग्रेजी कविता पाठ में श्रीराम ने मारी बाजी

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की तरफ से कविता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. देशराज बाजवा ने की। छात्रों का उत्साहवर्धक और सकारात्मक उत्तर मिला। छात्रों द्वारा स्वरचित तथा प्रसिद्ध लेखकों द्वारा लिखित विविध प्रकार की कविताओं का शानदार पाठ किया गया। कार्यक्रम को संकाय और छात्रों दोनों का सहयोगात्मक उत्तर मिला। इससे अंग्रेजी विभाग के रचनात्मक शिक्षण माहौल में और वृद्धि हुई। अंग्रेजी विभाग के सभी शिक्षकों ने व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। श्रीराम, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सिमरन कौर, ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा मिल्ली, और जसप्रीत कौर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### उड़ीसा के लिए निकले युवक का शव मिला

**अंबाला।** महेश नगर स्थित टांगरी नदी में मुलाना के धनौरी गांव के ललित (28) का शव मिला है। युवक घर से 2 फरवरी को उड़ीसा के लिए निकला था। वहां वह ड्राइवरी करता था।

पुलिस के अनुसार युवक नशे का आदी था। महेश नगर थाने के जांच अधिकारी जय गोपाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो पाएगा। वह गांव के ही किसी दोस्त की बाइक लेकर आया था। मृतक के पिता मनफूल सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनका बेटा मानसिक रूप से परेशान भी था। पुलिस ने इत्तेफाकन मौत की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया। ललित अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

## जाट आरक्षण संघ समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री विज के स्वस्थ होने की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मंत्री विज से मुलाकात करते समिति के पदाधिकारी।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से मंगलवार को अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघ समिति के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने उनके आवास पर पहुंच उनका हालचाल जाना तथा उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है कि विज के दोनों पांव की एड़ी में हेयरलाइन फ्रेक्चरर की वजह से चिकित्सकों ने उन्हें पूर्ण आराम करने की सलाह दी है।समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया की अध्यक्षता में समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री अनिल विज को पुष्पगुच्छ भेंट किए और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे जल्द से जल्द पूरी तरह स्वस्थ होकर दोबारा जनसेवा के कार्यों में पूर्ण रूप से सक्रिय हों। प्रताप दहिया ने कहा कि मंत्री अनिल विज जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने सार्वजनिक कार्यों में लौटेंगे। उनकी ईश्वर से वह सभी यही प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी आजाद लठवाल , नफे सिंह मान जिला प्रधान करनाल, सुभाष पूनिया जिला प्रधान कैथल, रमेश कुंडू जिला प्रधान रोहतक आदि रहे।

## श्रीमद्भागवत जीवन को सही दिशा देने वाला ग्रंथ

- शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ बोले मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं की दौड़ में आत्मिक शांति को भूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना



मुलाना। श्रद्धालुओं को संबोधित करते शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज।

यहां शिव धाम गौरी ताल मंदिर में श्री कृष्ण दिव्य भारती आश्रम के प्रांगण में ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 दिव्य भारती महाराज के प्रथम पुण्य स्मरण के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। कथा का अमृतमय रसपान श्रद्धालुओं को शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ जी महाराज द्वारा कराया जा रहा है। कथा के चौथे दिन अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य प्रकाश स्तंभ है। जब मनुष्य अपने जीवन में भगवान के नाम, भक्ति और सत्संग को स्थान देता है, तब उसके जीवन की अनेक बाधाएं स्वतः दूर हो जाती हैं।

### भक्ति का मार्ग बताया

वर्तमान समय में मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं की दौड़ में आत्मिक शांति को भूलता जा रहा है। श्रीमद्भागवत हमें सिखाती है कि सच्चा सुख भौतिक साधनों में नहीं, बल्कि प्रभु स्मरण, सेवा और समर्पण में निहित है। जिस हृदय में भगवान श्रीकृष्ण के प्रति सच्ची श्रद्धा जागृत हो जाती है, वहां से अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष स्वतः समाप्त हो जाते हैं। स्वामी ने उपस्थित श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में धर्म, सत्य और करुणा के मार्ग को अपनाएं तथा आने वाली पीढ़ी को भी संस्कारवान बनाने का संकल्प लें। कथा के समापन पर आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

## आरोपः 331 में से 243 तालाब गंदे, दो साल में सिर्फ 28 की हुई सफाई

- विधानसभा में हलका की विधायक ने सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



विधायक पूजा चौधरी।

मुलाना विधानसभा क्षेत्र में तालाबों की बदहाल स्थिति को लेकर सियासत गरमा गई है। विधायक पूजा चौधरी ने विधानसभा में सरकार को घेरते हुए तालाबों की सफाई में भारी लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों की बुनियादी समस्या को नजरअंदाज कर रही है। सफाई कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार ने स्वीकार किया कि मुलाना के 159 गांवों में कुल 331 तालाब हैं। इनमें से 243 तालाब प्रदूषित हैं। केवल 83 तालाब साफ हैं, जबकि 5 सूखे पड़े हैं। यानी क्षेत्र के अधिकांश तालाब गंदगी और जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। ब्लॉकवार स्थिति और भी चिंताजनक है। साहा ब्लॉक में 129 में से 104 तालाब, बराड़ा में 149 में से 108 तालाब तथा अंबाला-1 में 46 में से 25 तालाब प्रदूषित हैं। सरकार ने पिछले दो वर्षों में 58 तालाबों को सफाई व जीर्णोद्धार के लिए चिन्हित किया, लेकिन जमीन पर हकीकत यह है कि महज 28–29 तालाबों का काम पूरा हुआ है। 30 तालाबों पर अभी भी कार्य प्रक्रिया में बताया गया है। विधायक पूजा चौधरी ने इसे "ऊंट के मुंह में जीरा" बताते हुए विधानसभा में मुद्दा उठाया।

### गंदगी होने की वजह से भेजा था प्रस्ताव

## ग्वालमंडी में शॉपिंग मॉल बनाने की योजना लटकी

**अंबाला।** अंबाला छावनी के ग्वालमंडी में शॉपिं मॉल की योजना लटक गई। राज्य सरकार ने नगर परिषद के प्रस्ताव को वापिस भेज दिया। नगर परिषद की ओर से 24 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया था। ऐसे में अब नगर परिषद ने लोगों को गंदगी से निजात दिलाने के लिए गोबर के क्षेत्र में दीवार बनाने का फैसला किया है। मौजूदा समय में ग्वालमंडी की सड़कों पर पड़ा गोबर छावनी की स्वच्छता पर दाग लगा रहा है। नगर परिषद की हाउस की बैठक में इस समस्या के समाधान के लिए पार्षद कई बार गुहार लगा चुके हैं, बावजूद इसके समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पाया है, हालांकि नगर परिषद गोबर व गंदगी के निस्तारण का पुरजोर प्रयास भी कर चुकी है, लेकिन यहां की व्यवस्थाएं फिर भी सुधर नहीं पाई हैं। नगर परिषद ने गोबर व गंदगी के निस्तारण के लिए पहले यहां दुकानें बनाने की योजना तैयार की थी ताकि सड़क की तरफ दुकानें आ जाएं और गोबर व गंदगी इसके पीछे चली जाए, लेकिन यह योजना कागजों में ही दम तोड़ गई। ग्वालमंडी में गोबर गैस प्लांट लगाने पर मंथन हुआ और यह भी समय के साथ लुप्त हो गया।

## 42 वारदातों को अंजाम देने वाला दबोचा

- जांच के दौरान आरोपी से आरोपी से लगभग 66 ग्राम सोना जेवर व 500 ग्राम चांदी जेवर बरामद, बरामद जेवरों की कीमत करीब 9 .50 लाख रुपये।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। सीआई-2 की टीम ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जो चोरी की 42 वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपी की पहचान अंबाला छावनी के पंजाबी बाग के रहने वाले राहुल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 13 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। इसमें 66 ग्राम सोना और 500 ग्राम चांदी शामिल है। उल्लेखनीय है कि इसी आरोपी से थाना महेश नगर के एक पुराने मामले में पहले भी 9.50 लाख रुपये के जेवर बरामद किए जा चुके हैं। आरोपी इतना शातिर था कि वह चोरी के समय दस्ताने पहनता था और मुंह ढक कर रखता था ताकि फिंगरप्रिंट और सीसीटीवी कैमरों से बच सके। सीआईए टू के सहायक उप निरीक्षक संजीव कुमार और उनकी टीम ने तकनीकी विशेषज्ञता और सूचना के आधार पर आरोपी को सुभाष पार्क के पास से धर दबोचा। गिरफ्तारी से थाना महेश नगर क्षेत्र की कई बड़ी वारदातों की गुत्थी सुलझ गई है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही 8 मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी थे। ताजा मामला 13 जनवरी 2026 को डॉ. सुरेंद्र कुमार (प्रभु प्रेम पुरम) की शिकायत पर दर्ज किया गया था शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसके घर से नामपता न मालूम चोर ने सोना चांदी के गहने चोरी किए हैं l जांच के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब उन लोगों की तलाश कर रही है जो चोरी का माल खरीदने में आरोपी की मदद करते थे।

## सोनू हत्याकांडः मुख्य आरोपी सहित तीन किए गिरफ्तार

- सहयोगियों की पहचान के लिए आरोपियों से हो रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस ने अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सोनू हत्याकांड में नामजद तीन आरोपियों को काबू कर लिया है। आरोपियों में मुख्य आरोपी भी शामिल है। पुलिस ने अब हत्या में सिलसिले में पुख्ता सबूत जुटाने के लिए रिमांड के जरिए आरोपियों से पूछताछ चल रही है। दरअसल अंबाला शहर के गांव सौंडा के रहने वाले सुखराज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि अंबाला छावनी स्थित सिया वाटिका पैलेस में वैवाहिक समारोह के दौरान आरोपी सागर,शिवम व अन्य ने लड़ाई झगड़ा कर चाकू से हमला किया था। इस हमले में सोनू पर आरोपियों ने घातक वार किया था जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। अब पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी कसेरला गांव के रहने वाले सागर,शिवम के साथ जटवाड़ के साहिल को भी गिरफ्तार किया है। प्रबंधक थाना अंबाला छावनी लखबीर सिंह की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को अदालत ने 2 दिन के रिमांड पर भेज दिया है। रिमांड के दौरान पुलिस हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियारों की बरामदगी और घटना में शामिल अन्य संभावित व्यक्तियों के बारे में पूछताछ करेगी।

### पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई प्रतियोगिता

## कैमल आर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

> प्रतियोगिता में 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर किया प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। कैमल आर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में कैमल आर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता यू केजी से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए आयोजित की गई। इस प्रतियोतगिता में बच्चों को कक्षा के अनुरूप ग्रुप ए से लेकर ग्रुप एफ तक बांटा गया। बच्चों को माय बर्थडे पार्टी , फन इन स्कूल, माय स्कूल पिकनिक , स्कूल एनुअल डे , माय सिटी माय हेरिटेज , इंडियन स्मार्ट सिटी विषयों पर पेंटिंग बनानी थी, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने बताया कि कला ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा मनुष्य अपनी भावनाओं को व्यक्त तो कर ही सकता है तथा साथ ही साथ कुछ ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम हो पाता है। उन्होंने प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को बधाई दी और इसी तरह भविष्य में भी आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया । ग्रुप ए में गुरभय सिंह , रूही , थरशा , मिशिका नेहरा , डैज़ल, ग्रुप बी में हरसीरत कौर , तुषार , हार्दिक गुलाटी , आराध्या , अर्णव, ग्रुप सी में अर्पिता धीमान , निर्मत कौर , सवनीत कौर , विनायक ग्रुप डी में अंशिका , अभिनव , शिवांश , काव्या धीमान , अर्शिता शर्मा, ग्रुप ई में यादवी , नवजोत पुनिया , सार्थक भाटिया , मंशीव , जैविन तथा ग्रुप एफ में अनु , भावना , रिया धीमान, अशिता शामिल थी।